आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार
दिनांक 22.04.2024 समय 18.30

- राज्य में लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए अब प्रचार के वास्ते 2 दिन का समय बाकी – प्रमुख राजनैतिक दलों के नेता जोर–शोर से प्रचार में जुटे।
- निर्वाचन आयोग ने दूसरे चरण के लिए जिला निर्वाचन अधिकारियों और पुलिस अधीक्षकों ने आवश्यक निर्देश दिये।
- लोकसभा चुनाव में होम वोटिंग के जरिये 97 प्रतिशत से ज्यादा पंजीकृत पात्र बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं ने मतदान किया।
- राज्य में विश्व पृथ्वी दिवस के मौके पर कई कार्यक्रम आयोजित।

000

राज्य में लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए अब प्रचार के वास्ते 2 दिन का समय बाकी है, ऐसे में भाजपा, कांग्रेस सहित अन्य दलों के नेता जोर–शोर से प्रचार में जुटे हैं। मुख्यमंत्री और भाजपा नेता भजनलाल शर्मा ने आज विभिन्न स्थानों पर पार्टी के प्रचार कार्यक्रमो में भाग लिया। आज दोपहर मुखमंत्री ने अजमेर और किशनगढ़ में विभिन्न जनसभाओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति के लिए काम करती है।

श्री शर्मा ने कहा कि कांग्रेस सिर्फ गरीबी हटाओ का नारा देती थी, जबकि गरीब कल्याण से उनका कोई सरोकार नहीं है। उन्होंने कहा कि श्री मोदी ने देश के विकास के साथ गरीब कल्याण और सीमा सुरक्षा सहित हर क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य किए हैं।

मुख्यन्त्री श्री शर्मा और उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने आज शाम बूंदी में भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में रोड शो किया। वहीं पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने आज सिरोही जिले के शिवगंज और माउंट आबू में कांग्रेस प्रत्याशी के समर्थन में रोड़ शो किया।
प्रधानमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता नरेंद्र मोदी कल टोंक–सवाईमाधोपुर लोकसभा क्षेत्र में प्रचार के तहत उनियारा में जनसभा को संबोधित करेंगे। श्री मोदी की सभा को लेकर पार्टी की ओर से व्यापक तैयारियां की गई हैं।

000

निर्वाचन आयोग के उप निर्वाचन आयुक्त मनोज कुमार साहू ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से दूसरे चरण के सभी जिला कलक्टर और पुलिस अधीक्षकों के साथ बैठक कर तैयारियों की लोकसभा क्षेत्रवार समीक्षा की। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के उच्चाधिकारियों ने बैठक में लोकसभा चुनाव के लिए ईवीएम से जुडे सभी प्रोटोकॉल का विशेष तौर पर रिप्लेसमेंट की स्थिति में एसओपी का ध्यान रखने पर बल दिया। राजनैतिक दलों को ईवीएम कमिशनिंग की सूचना देने और उनकी सभी

जिज्ञासाओं का तर्कपूर्ण जवाब दिए जाने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने आवश्यकतानुसार समय—समय पर राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों और प्रत्याशियों के साथ बैठक करने का भी सुझाव दिया।

000

प्रदेश में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए चलाये जा रहे स्वीप कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन हो रहा है। पाली जिले के सोजत रोड में प्रशासन सहित सरकारी और निजी विद्यालयों द्वारा अलग अलग माध्यम से मतदाता जागरूता के लिए सन्देश दिया जा रहा है।

आर.के. मेमोरियल स्कूल के बच्चो ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से आमजन को अपने वोट का महत्व बताते हुए मतदान जरूर करने के लिए प्रेरित किया। कस्बे के मुख्य बाजार, बगड़ी रोड, फुलाद रोड, महाराणा प्रताप चौराहा पर नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन कर लोगों को मतदान की शपथ दिलाई गई।

अजमेर में आज जिला प्रशासन और स्वीप टीम द्वारा "अजमेर देगा वोट" की वेबसाइट लॉन्च की गई। इसके तहत अजमेर जिले के ग्रामीण क्षेत्र के लिए ऑनलाइन प्रतियोगिताएं अपलोड की गई है। जिले में मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु दो मिशन लॉन्च हुए हैं मिशन" "डिस्टिंक्शन और मिशन मेरिट"। जिला प्रशासन द्वारा मतदान कार्यों में जुड़े 21 विभागों के कर्मचारियों को सर्टिफिकेट देकर प्रोत्साहित भी किया जाएगा ।

मतदाताओं की सुविधा के लिए "क्यू मैनेजमेंट" वेबसाइट में बूथ पर मौजूद मतदाताओं की संख्या हर आधे घंटे में अपडेट की जाएगी। जिला कलेक्टर भारती दीक्षित द्वारा मतदान निमंत्रण पत्र हिंदी, मारवाड़ी और सिंधी भाषा में लॉन्च किया गया है।

केंद्रीय संचार ब्यूरो के क्षेत्रीय कार्यालय सवाई माधोपुर की ओर से मतदाता जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में उपस्थित महिलाओं को मतदान का संकल्प दिलाया गया।

सांचौर में सतरंगी सप्ताह के छठे दिन रंगोली बनाकर मतदाता जागरूकता का संदेश दिया। महिला मार्च में शामिल आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, एएनएम, आशा सहयोगिनियों और स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं ने 26 अप्रेल को अधिक से अधिक मतदान का संदेश दिया।

बूंदी जिला निर्वाचन अधिकारी अक्षय गोदारा के निर्देशन में महिला और बाल विकास विभाग से जुडी महिलाओं ने शहर के विभिन्न स्थानों पर रंगोली सजाई और महिला मार्च के माध्यम से मतदान का संदेश दिया। ऑरेंज रंग की थीम और वोट करूंगी तभी आगे बढ़ूंगी स्लोगन के साथ लोकतंत्र के त्यौहार में भागीदारी निभाने का आह्वान किया।

000

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर आकाशवाणी समाचार जयपुर की ओर से मतदाता जागरूकता के लिये संदेश श्रृंखला चलायी जा रही है। इसमें श्रोता संदेश भेजकर आमजन को वोट डालने के लिए प्रेरित कर सकते हैं।

श्रोता अपने संदेश रिकॉर्ड कर या टाईप कर व्हॉट्सअप नम्बर 94140–52368 पर भेज सकते हैं। आज का संदेश हमें नागौर जिले के श्रोता ने भेजा है –

....................

राज्य में लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण वाले निर्वाचन क्षेत्रों के जिला निर्वाचन अधिकारी भी मतदाताओं से वोट डालने की अपील कर रहे हैं। बाडमेर जिला निर्वाचन अधिकारी निशांत जैन ने सभी मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित किया है।

..................

राज्य में होम वोटिंग के जरिये 85 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्गों तथा 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता वाले मतदाताओं ने बढ़–चढ़कर मतदान में हिस्सा लिया है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि प्रदेश में अब तक दोनों चरणों में 97 दशमलव छह चार प्रतिशत मतदान हुआ है। श्री गुप्ता ने बताया कि अब तक 73 हजार 248 बुजुर्गों और दिव्यांगजन ने मतदान किया है। उन्होंने बताया कि दूसरे चरण की होम वोटिंग के तहत कल मतदान का अंतिम दिन है।

दूसरे चरण में आज पाली की 100 वर्षीय महिला ने होम वोटिंग की और प्रशासन को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि कि घर से ही वोट देकर वे खुशी महसूस कर रही है। होम वोटिंग प्रक्रिया का पहला चरण 14 अप्रैल से शुरू हुआ था।

000

राज्य में लोकसभा चुनाव की ड्यूटी में लगे 2 लाख 5 हजार से ज्यादा कार्मिकों, पुलिस अधिकारियों ने जिलों में बने फेसिलिटेशन सेंटर्स पर मतदान किया है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि प्रदेश में अब तक 82 हजार 380 पुलिसकर्मी, 12 हजार 141 आरएसी, 945 जीआरपी, एक हजार निजी वाहन चालक और एक लाख 8 हजार 955 अन्य मतदान कार्मिक अपने मताधिकार का प्रयोग कर चुके हैं। उन्होंने बताया कि दूसरे चरण में मतदान वाले सभी लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में चुनाव कार्य के लिए नियुक्त अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए डाक मतपत्र से मतदान के लिए फेसिलिटेशन सेंटर स्थापित किए गए हैं। इन सेंटर्स पर 25 अप्रैल तक मतदान किया जा सकता है।

000

आज विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर पृथ्वी और पर्यावरण के संरक्षण के प्रति जागरूकता के लिए प्रदेश में कई कार्यक्रम आयोजित हुए।

झुंझुनूं में केंद्र सरकार के पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय और वन विभाग की ओर से विश्व पृथ्वी दिवस मनाया गया। इस मौके पर झुंझुनूं जिला मुख्यालय के बीड़ क्षेत्र में स्कूली बच्चों को हिरण सफारी करवाई गई। जिला पर्यावरण सुधार समिति की ओर से हुए कार्यक्रम में पौधारोपण के बाद विचार गोष्ठी हुई। जिसमें विभिन्न वक्ताओं ने बच्चों को प्लास्टिक के उपयोग से होने वाले दुष्प्रभाव के बारे में बताया और प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने की शपथ दिलाई गई। इस दौरान नारा लेखन, चित्र और गायन प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के दौरान डीएफओ बीएल नेहरा ने कहा कि प्लास्टिक का उपयोग हमारे

पर्यावरण को नुकसान पहुंचा रहा है। उन्होंने कहा कि प्लास्टिक के उपयोग को रोकने की दिशा में सकारात्मक कदम उठाने होंगे।

पृथ्वी दिवस पर भरतपुर में भी कई कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। आरडी गर्ल्स कॉलेज और सिविल लाइंस राजकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में भी पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण की शपथ ली गई। केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान में पृथ्वी दिवस पर आयोजित की गई संगोष्ठी में प्रदूषण से बचने के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाने का आव्हान किया। स्ट्रीट वेंडरों से पॉलीथिन में सामान नहीं बेचने की अपील के साथ कागज अथवा कपड़े से बने थैलों को ही उपयोग में लेने की सलाह दी गई ।

000

राज्यपाल कलराज मिश्र और महाराष्ट्र के राज्यपाल रमेश बैस ने आज मेहंदीपुर बालाजी के दर्शन किये। उन्होंने मन्दिर में पूजा–अर्चना कर प्रदेश में सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। राज्यपाल श्री मिश्र ने इस दौरान कहा कि मेहंदीपुर बालाजी पावन तीर्थ स्थल है। हनुमान जी का यह पवित्र धाम आस्था और विश्वास से जुड़ा हुआ है। उन्होंने हनुमान जी का अभिषेक किया।

000

हनुमान जयंती कल धार्मिक श्रद्धा के साथ मनायी जाएगी। इस सिलिसिले में प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर मेलों के आयोजन हो रहे हैं। डूंगरपुर जिले के सागवाडा उपखंड के खड़गदा गांव में हनुमान जन्मोत्सव के तहत क्षेत्रपालजी मंदिर में 57 वें मेले का आगाज हुआ। यह मेला दो दिन चलेगा। इस दौरान मंदिर में विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान और अन्य कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। भीलवाड़ा शहर में स्थित संकट मोचन हनुमान मंदिर में भगवान हनुमान की प्रतिमा के सामने केक काट कर 3100 किलो काजू कतली का भोग लगाकर प्रसाद वितरण किया जाएगा।

000